# बनवारी मेरी नैया को तुम भव से पार लगा जाओ लिरिक्स

बनवारी मेरी नैया को,
तुम भव से पार लगा जाओ,
पल भर की ना अब देर करो,
हे दीन दयाल आ जाओ,
बनवारी मेरी नईया को,
तुम भव से पार लगा जाओ।bd।

तर्ज – बाबुल की दुआएं।

---

नैया मेरी डगमग डोले,
कोई राह नज़र ना आती है,
धीरज अब खोये जाता हूँ,
ये लहरें मुझको डराती है,
कहीं डूब ना जाऊं बनवारी,
आकर के धीर बंधा जाओ,
बनवारी मेरी नईया को,
तुम भव से पार लगा जाओ।bd।

---

क्यों रूठ गया है तू मुझसे,
जो नज़रें नहीं मिलाता है,
गर कोई खता हुई मुझसे,
तो क्यों ना मुझे बताता है,
बेटी तेरी हूँ सांवरिया,
अब पिता का फ़र्ज़ निभा जाओ,
बनवारी मेरी नईया को,
तुम भव से पार लगा जाओ।bd।

---

आँखों से आंसू बह बह कर,
बस इक फरियाद करते है,
चरणों से दूर ना करना हमें,
इतनी सी बात कहते हैं,
'आयोजिका' तेरी पागल है,
इस पागल को अपना जाओ,
बनवारी मेरी नईया को,
तुम भव से पार लगा जाओ।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

बनवारी मेरी नैया को,
तुम भव से पार लगा जाओ,
पल भर की ना अब देर करो,
हे दीन दयाल आ जाओ,
बनवारी मेरी नईया को,
तुम भव से पार लगा जाओ।bd।

Singer – Ayojika Arora

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com